# HEAT WAVE ACTION PLAN 2025

# DISTRICT - BEAWAR

ब्यावर जिला एक दृष्टि में




वर्ष – 2025

# जिला ब्यावर

समुद्र तल से ऊँचांई 447.14 मी.

- ब्यावर जिला दिनांक 07.08.2023 को विधिवत् रूप से अस्तित्व में आया। ब्यावर जिले का गठन अजमेर, पाली, राजसमंद एवं भीलवाडा जिले का पुनगर्ठन कर बनाया गया है। ब्यावर जिला औद्योगिक रूप से खासा समृद्व जिला है तथा एक सीमेन्ट हब के रूप में विख्यात है। जिले के प्रमुख शहरों में बिजयनगर भी दूसरा बड़ा प्रमुख व्यापारिक शहर है, जहां कपास की मंडी हैं। ब्यावर में तीन कृषि मंडी क्रमशः ब्यावर, जैतारण एवं बिजयनगर है। शिक्षा की दृष्टि से यहां 8 सरकारी कॉलेज है। चिकित्सा की दृष्टि से यहां अमृतकौर राजकीय चिकित्सालय है। सड़क एवं रेल्वे से पूरे देश के साथ जुड़ा हुआ एक शांत शहर है। चारों ओर से यह परकोटे से घिरा हुआ है, जिसके चार प्रमुख गेट है, जिन्हे क्रमशः अजमेरी गेट, सूरजपोल गेट, चांग गेट, मेवाड़ी गेट के नाम से जाना जाता है। इसके परकोटे की लम्बाई 10,569 फिट है। इस शहर की नींव कर्नल डिक्सन द्वारा 01 फरवरी 1836 को अजमेरी गेट पर रखी थी। जिला प्राकृतिक रूप से टॉडगढ़ रावली अभयारण्य का सौन्दर्य अपने में समेटे हुए है। सेंदडा की पुरानी मनमोह देने वाली ग्रेनाइट चट्टानें एवं बदनोर व मसूदा की खदानों की अलग ही छटा है। तेजा मेला, बादशाह की सवारी, कोड़ा मार होली की परम्पराएं इसे पारम्परिक रूप से समृद्ध बनाती है। यहां के खान पान में मुख्यतः दाल–लापसी का स्वाद एवं मोठ की बनी विशेष कढी व मक्के की रोटी एवं उड़द की दाल का स्वाद का मिलन मुंह में पानी ला देता है। ब्यावर जिला पूरे भारत में तिलपट्टी के लिये भी मशहुर है। जिले की संरचना 6 उपखण्ड, 7 तहसील, 3 उपतहसील एवं 5 पंचायत समितियों से बनी हुई है। ब्यावर जिले में 6 विधानसभा एवं 4 लोकसभा क्षेत्रों का समावेश भी है।

# MAJOR ROAD NETWORK
# DISTRICT BEAWAR



# भौगोलिक स्थिति

- **देशांतर एवं अक्षांशीय विस्तार**: **26.07° N, 74.32° E**
- **कुल क्षेत्रफल:** लगभग 5,800 वर्ग किमी
- **सीमाएँ:**
  - उत्तर में **अजमेर जिला**
  - दक्षिण में **पाली जिला**
  - पूर्व में **राजसमंद जिला**
  - पश्चिम में **नागौर जिला**
- **जलवायु:**
  - गर्मियों में तापमान **45°C तक** पहुँच सकता है।
  - सर्दियों में न्यूनतम तापमान **4°C तक** गिर सकता है।
- **भूभाग:**
  - **यहाँ मैदानी और पहाड़ी भूभाग का मिश्रण है।**
  - **मुख्य रूप से कृषि, उद्योग और व्यापारिक क्षेत्र महत्वपूर्ण हैं।**

# ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

## 1. प्रमुख युद्ध

- **बदनोर का युद्ध (1457)**: राणा कुंभा vs मुहम्मद खिलजी के मध्य लड़ा गया जिसमे राणा कुम्भा विजय रहा
- **गिरी - सुमेल का युद्ध:- 05 जनवरी 1544 को शेरशाह सूरी और राव मालदेव की (सेनानायक राव जैता एंव कूंपा) के मध्य हुआ जिसमें शेरशाह सूरी विजय रहा।**

**ऐतिहासिक कथन**:- **शेरशाह सूरी -आज मैं मुट्ठी भर बाजरे के लिए पूरे हिंदुस्तान कि सल्तनत खो देता।**

## 2. प्राचीन स्थल

**•ओझियाना सभ्यता**:

- **स्थान**: बदनौर (खारी नदी तट)
- **काल**: 2500-1500 ईसा पूर्व (ताम्रयुगीन आहड़ संस्कृति)

ओझियाना सभ्यता का उत्खनन कार्य बी आर मीणा एवं त्रिलोक त्रिपाठी के निर्देशन में 1999–2000 एवं 2000–2001 में किया गया जिसमें मिट्टी के बर्तन टेराकोटा मूर्तियॉ और तांबे के औजार एवं विभिन्न मनके मिले।

## 3. किले एवं दुर्ग

**•बदनोर दुर्ग**: महाराणा कुंभा द्वारा निर्मित बदनोर फोर्ट एक छोटी सी पहाड़ी पर स्थित एक प्राचीन किला है जो अपने इतिहास और वास्तुकला के लिए जाना जाता है। भीलवाड़ा का यह किला सात मंजिला हैं और बदनोर किले में मध्यकालीन भारतीय वास्तुकला का उत्कृष्ट उदाहरण देखने को मिलता है।

**•जैतारण दुर्ग**: ऐतिहासिक रणनीतिक महत्व

**•आगेवा दुर्ग- जैतारण (व्यावर)**

**•टॉडगढ़ दुर्ग (गिरी दुर्ग) ब्यावर जिले में**

## भौगोलिक स्थिति एवं सीमाएँ

- **संभाग**: अजमेर
- **स्थापना**: **कर्नल एरिक डिक्सन** द्वारा 1850 के दशक में परकोटा बनाकर
- **राष्ट्रीय राजमार्ग**: NH-25, NH-58, NH-158, NH-45
- **प्रमुख नदियाँ**:
  - लूनी (अब पाली से सम्बन्ध विच्छेद), गुड़िया, बाजाकुडी, सुकड़ी, खारी आदि प्रमुख नदिया है जो अधिकतर मोसमी है
  - **नारायण सागर बांध**: खारी नदी पर (1955 में डॉ. राजेंद्र प्रसाद द्वारा नींव रखी)

## प्राकृतिक विशेषताएँ

### 1. पर्वत एवं दर्रे

**•मध्य अरावली की प्रमुख चोटियाँ**:

- **गोरमजी** (934 मीटर) ब्यावर जिले की सर्वोच्च चोटी जो कि अरावली पहाडी पर टाॅडगढ़ उपखण्ड में स्थित है। जो पर्यटन का प्रमुख केन्द्र है।
- **मेरियाजी (टॉडगढ़)** (933 मीटर)

**•दर्रे**:

1- बर दर्रा:- ब्यावर को पाली जिले से जोड़ता है।
2- शिवपुरा घाटा दर्रा:- जो बिजयनगर से ब्यावर राजमार्ग पर स्थित है।

### 2. वन्यजीव एवं जलाशय

- **रावली टाडगढ़ अभयारण्य**: अजमेर, पाली, राजसमंद में विस्तृत
- **टॉडगढ़**: "राजस्थान का मिनी माउंट आबू"
- **बाटेलाव तालाब,** भोमादा बांधः- रायपुर में स्थित है।

# आर्थिक एवं औद्योगिक विकास

## 1. प्रमुख उद्योग

सुती वस्त्र उधोग–

- **द कृष्णा मिल्स लिमिटेड (1889): राजस्थान की प्रथम सूती वस्त्र मिल। सेठ दामोदरदास राठी द्वारा स्थापित।**

सीमेंट उधोग–

- **श्री सीमेंट (1979): बीजी बांगुर द्वारा स्थापित**
    - उत्तरी भारत का सबसे बड़ा सीमेंट उत्पादक
    - अम्बूजा सीमेन्टः- जैतारण
    - अल्ट्राटेक सीमेन्टः- जैतारण

**तिलपट्टी**: तिलपट्टी के लिए ब्यावर विश्व भर में प्रसिद् है

### 2. खनिज संपदा

- वर्मीक्यूलाइट, क्यूप्राइट, लाइमस्टोन, अभ्रक आदि पाया जाता जो की उधोग का प्रमुख आधार है

### 3. अवसंरचना

**अवशीतन केंद्र**: ब्यावर व विजयनगर में स्थापित है

**राजस्थान का पहला मिशनरी स्कूल**: प्रदेश का पहला चर्च ब्यावर में 164 वर्ष पहले बना था

# सांस्कृतिक विरासत

- **1. धार्मिक स्थल**

- **मीराबाई की जन्मस्थली**: कुड़की (जैतारण तहसील)
  - जन्म: 1498 ई. (वैशाख शुक्ल तृतीया) विवाह: 1516 ई. में भोजराज (राणा सांगा के पुत्र) से
- **देवमाली**: देवनारायण भगवान की पुण्यस्थली
- **कुशाल माता मंदिर**: बदनौर में
- **2. सांस्कृतिक आयोजन**

- **बादशाह मेला**:
  - होली पर आयोजित
  - इस मेले को ब्यावर शहर के संस्थापक कर्नल डिक्सन ने सन् 1851 में अग्रोहा, शेखावाटी, बेरी, भिवानी से आये अग्रवाल फतेहपुरिया के सहयोग से पीरामल टोड़रमल की दूकान से पाचबत्ती के पास कपड़ा बाजार से आरम्भ कियाँ जो फतेहपुरिया बाजार, अजमेरी दरवाजे से होता हुआ उप-जिला कार्यालय पर उपजिलाधिश द्धारा बादशाह के साथ गुलाल खेलने के पश्चात् रात्रि को करीब 8 बजे समाप्त हो जाता है इस मेले को देखने के लिए दूर-दूर से व आस-पास के इलाकों से हजारो नर-नारी व विदेशी सैलानी आते हैं । चारों और मेले में भारतीय संस्कृति दृष्टिगोचर होती हैं वह सभी जाति, धर्म-सम्प्रदाय के लोगो े के आपसी मेल-मिलाप व गुलाल से परस्पर खेलने व बादशाह के साथ गुलाल से खेलने का आनन्द प्राप्त होता हैं ।
  - अग्रवाल समाज द्वारा "बादशाह की सवारी" निकाली जाती है

  देवमाली का मेला देवनारायण जी राजस्थान के एक लोक देवता, शासक और महान योद्धा थे। इनकी पूजा मुख्यतः राजस्थान, हरियाणा तथा मध्यप्रदेश में होती है। इनका भव्य मंदिर आसीन्द में है।
  - सितंबर 2024 में देवमाली गाँव को भारत में सबसे सुंदर पर्यटक गाँव का दर्जा दिया गया

### बिराटिया कलां का मेला–

बिराटिया मे बाबा रामदेव जी का मेला भरता है जिसे भादवा मेला भी कहा जाता है यह मेला बाबा रामदेव के प्रकट्यादिवस पर शुरू होता है जो भाद्रपद की ग्यारस को भव्य जागरण के साथ शुरू होता है जो जिला ब्यावर में स्थित है।

## विशेष उपलब्धियाँ एवं तथ्य

मसूदा गाँव: राजस्थान का पहला पूर्ण साक्षर गाँव

1857 की क्रांति: ब्रिटिश छावनी थी, पर विद्रोह का केंद्र नहीं बना

जैतारण के ब्यावर में शामिल होने से लूनी नदी का पाली से सम्बन्ध समाप्त

# जिला—ब्यावर

| क्र. स. | नाम उपखण्ड | तहसील |
|---|---|---|
| 1. | ब्यावर | ब्यावर |
| 2. | टॉडगढ़ | टॉडगढ़ |
| 3. | जैतारण | जैतारण |
| 4. | रायपुर | रायपुर |
| 5. | मसूदा | मसूदा |
| | | बिजयनगर |
| 6. | बदनोर | बदनोर |



# जिला प्रशासन

| क्रम संख्या | नाम | पद |
|---|---|---|
| 1 | श्री हेमन्त गेरा | संभागीय आयुक्त, अजमेर |
| 2 | श्री ओम प्रकाश | महानिरीक्षक पुलिस, अजमेर रेन्ज, अजमेर |
| 3 | डॉ. महेन्द्र खड़गावत | जिला कलक्टर, ब्यावर |
| 4 | श्री श्याम सिंह | जिला पुलिस अधीक्षक, ब्यावर |
| 5 | श्री मोहन लाल खटनावलिया | अतिरिक्त जिला कलक्टर, ब्यावर |
| 6 | श्री राजेश कसाना | अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, ब्यावर |
| 7 | श्री दिव्यांश सिंह | उपखण्ड अधिकारी, ब्यावर |
| 8 | श्री कुलदीप सिंह शेखावत | उपखण्ड अधिकारी, मसूदा |
| 9 | श्री कुलदीप सिंह शेखावत | उपखण्ड अधिकारी, बदनोर |
| 10 | श्री रवि प्रकाश | उपखण्ड अधिकारी, रायपुर |
| 11 | श्री रवि प्रकाश | उपखण्ड अधिकारी, जैतारण |
| 12 | श्रीमति नीतू मीणा | उपखण्ड अधिकारी, टॉडगढ़ |

# प्रशासनिक ढांचा

- उपखण्ड :– 6
- तहसील :– 7
- पंचायत समिति :– 5
- कुल ग्राम पंचायत :– 187
- कुल राजस्व ग्राम :– 766
- विधानसभा क्षेत्र :– 6 (ब्यावर **- 103 (ERO),** मसूदा **– 104 (ERO),** जैतारण **– 116 (ERO),** भीम **- 173 (Non- ERO),** सोजत **- 117 (Non-ERO),** आसीन्द **- 177 (Non-ERO),**
- संसदीय क्षेत्र :– 4 (पाली – **15 (Non-ERO),** अजमेर – **13 (Non-ERO),** राजसमन्द – **22 (Non-ERO),** भिलवाड़ा – **23 (Non-ERO)**

# जनांकिकी जिला–ब्यावर (वर्ष 2011 से)

| क्र.सं. | विवरण | ईकाई | जवाजा | मसूदा | रायपुर | जैतारण | बदनोर | भीम | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुल जनसंख्या | संख्या | 351162 | 224181 | 205254 | 226776 | 89590 | 33720 | 1130683 |
| 2 | पुरूष | संख्या | 176959 | 114787 | 103005 | 114008 | 45500 | 17216 | 571475 |
| 3 | महिला | संख्या | 174203 | 109394 | 102249 | 112768 | 44090 | 16504 | 559208 |
| 4 | दशकीय वृद्धि दर | प्रतिशत | 18.38 | 18.6 | 12.77 | 9.95 | 23.08 | 19.55 | 17.05 |
| 5 | घनत्व | प्रति वर्ग कि. मी. | 298 | 137 | 189.66 | 165 | 235 | 252 | 248.77 |
| 6 | लिंगानुपात | (महिलाऐं प्रति हजार पुरूष) | 986 | 953 | 993 | 989 | 969 | 980 | 978 |

# प्रशासकीय संरचना
## पंचायत समिति

| क.सं. | विवरण | ईकाई | जवाजा | मसूदा | रायपुर | जैतारण | बदनोर | भीम | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुल भौगोलिक क्षेत्राफल | हैक्टर | 68029 | 86646 | 108222 | 137620 | 39895 | 14566 | 456230 |
| 2 | उप खण्ड | संख्या | 2 | 1 | 1 | 1 | 1 | 0 | 6 |
| 3 | तहसील | संख्या | 2 | 2 | 1 | 1 | 1 | 0 | 7 |
| 4 | उप तहसील | संख्या | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 1 | 2 |
| 5 | भू अभिलेख निरीक्षक वृत | संख्या | 17 | 9 | 9 | 9 | 4 | 2 | 50 |
| 6 | पटवार मण्डल | संख्या | 66 | 45 | 36 | 37 | 18 | 7 | 209 |
| 7 | पंचायत समिति | संख्या | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 0 | 5 |
| 8 | कुल ग्रामपंचायत | संख्या | 46 | 40 | 40 | 38 | 20 | 7 | 191 |
| 9 | कुल राजस्व गांव | संख्या | 229 | 163 | 141 | 116 | 85 | 36 | 771 |
| 10 | नगरपालिका | संख्या | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 |
| 11 | नगरपरिषद् | संख्या | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |

# जिला ब्यावर
# तहसील वार समंक

| क्र.सं. | विवरण | ब्यावर तह. | टाडगड तह. | मसूदा तह. | बिजयनगर तह. | रायपूर तह. | जैतारण तह. | बदनोर तह. | भीम 7 पंचायत | विशेष विवरण एवं योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल भौगोलिक क्षेत्रफल | 45494 | 22535 | 86646 | 1252 | 108222 | 137620 | 29367 | 14566 | 456230 |
| 1 | उपखण्ड | 1 | 1 | 1 | 0 | 1 | 1 | 1 | 0 | 6 |
| 2 | उप तहसील | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 1 | 3 |
| 3 | भूअभिलेख वृत | 13 | 4 | 9 | 5 | 9 | 9 | 4 | 2 | 55 |
| 4 | पटवार मण्डल | 53 | 14 | 45 | 21 | 39 | 37 | 18 | 7 | 234 |
| 5 | पंचायत समिति | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | 1 | 1 | 0 | 5 |
| 6 | कुल ग्राम पंचायत | 38 | 8 | 40 | 0 | 38 | 40 | 20 | 7 | 191 |
| 7 | ग्राम आबाद | 180 | 48 | 160 | 0 | 137 | 111 | 86 | 36 | 758 |
| 8 | ग्राम गैर आबाद | 1 | 0 | 3 | 0 | 4 | 5 | 0 | 0 | 13 |
| 9 | कुल राजस्व ग्राम | 181 | 48 | 163 | 0 | 141 | 116 | 86 | 36 | 771 |
| 10 | नगर पालिका | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 |
| 11 | नगर परिषद | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 12 | कुल ग्रामीण | 153731 | 38052 | 185713 | 0 | 205254 | 204155 | 39895 | 14566 | 841366 |
| 13 | कुल शहरी | 151152 | 0 | 38468 | 32124 | 0 | 22621 | 0 | 0 | 244365 |
| 14 | कुल जनसंख्या | 304883 | 38052 | 224181 | 32124 | 205254 | 226776 | 39895 | 14566 | 1085731 |

**FORMAT 01**

**DISTRICT ELECTION OFFICE - BEAWAR**

**FACTS AT A GLANCE**

**TOTAL VOTERS & HEALTH PARAMETERS**

| S.NO. | Assembly Constituency | | Name of tehsil related to new district BEAWAR | Total Population (projected 01.10.2023) | | | | Electors as per roll w.r.t. 27.10.2023 as the quallifying date published on 06.11.2023 | | | | EP Ratio | | | Gender Ratio |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | No | Name | | Male | Female | Total | Gender Ratio | Male | Female | TG | Total | Male | Female | Total | |
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** | **7** | **8** | **9** | **10** | **11** | **12** | **13** | **14** | **15** | **16** |
| 1 | 116 | Jaitaran | Jaitaran | 222445 | 217236 | 439680 | 977 | 103265 | 96035 | 3 | 199303 | 709 | 675 | 692 | 989 |
| **2** | 116 | Jaitaran | Jaitaran Raipur | | | | | 56236 | 52816 | 0 | 109052 | | | | |
| **3** | 104 | Masuda | Masuda | 114787 | 109394 | 224181 | 953 | 47883 | 45641 | 0 | 93524 | 754 | 764 | 759 | 960 |
| 4 | 104 | Masuda | Bijainagar | | | | | 39191 | 38501 | 1 | 77693 | | | | |
| 5 | 103 | Beawar | Beawar | 205767 | 199586 | 405353 | 966 | 115208 | 111828 | 3 | 227039 | 634.19 | 631.33 | 632.8 | 966 |
| 6 | 103 | Beawar | Todgarh | | | | | 15837 | 14847 | 0 | 30684 | | | | |
| 7 | 173 | BHIM | BEAWAR | 18855 | 19113 | 37968 | 980 | 13247 | 13018 | 1 | 26266 | 697 | 672 | 685 | 978 |
| 8 | 103 | Bhim | Badnor | 0 | 0 | 0 | | 1423 | 1376 | 0 | 2799 | | | | |
| 9 | 177 | AASIND | BADNOR | 45500 | 44090 | 89590 | 969 | 25617 | 23954 | 0 | 50839 | 72.57 | 73.58 | 73.07 | 969 |
| 10 | 117 | SOJAT | RAIPUR | 103005 | 102249 | 205254 | 993 | 31190 | 30327 | 5 | 61522 | 303 | 297 | 300 | 972 |
| | | Total | | 710359 | 691668 | 1402026 | | 449097 | 428343 | 13 | 878721 | | | | |

हीटवेव 2025
अतिआवश्यक

# राजस्थान सरकार
## कार्यालय जिला कलक्टर (सहायता), ब्यावर

क्रमांक :– सहायता/हीटवेव/2024–25/189-205 दिनांक :– 23/4/25

1. श्रीमान् जिला पुलिस अधीक्षक, ब्यावर
2. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,ब्यावर
3. अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, ब्यावर
4. जिला शिक्षा अधिकारी,ब्यावर
5. उपखण्ड अधिकारी, ब्यावर/मसूदा/टॉडगढ/रायपुर/जैतारण/बदनोर
6. अधीक्षण अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग,ब्यावर
7. अधीक्षण अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग,ब्यावर
8. अधीक्षण अभियंता,अविविएनएल विभाग,ब्यावर
9. तहसीलदार, ब्यावर/मसूदा/टॉडगढ/रायपुर/जैतारण/बदनोर/बिजयनगर
10. आयुक्त नगर परिषद,ब्यावर
11. जिला रसद अधिकारी, ब्यावर
12. अधिशाषी अभियन्ता, जल संसाधन विभाग, ब्यावर /सहायक खनिज अभियन्ता, खनिज विभाग ब्यावर
13. उप निदेशक, पशुपालन विभाग/कृषि विभाग, ब्यावर
14. जिला परिवहन अधिकारी, ब्यावर/मुख्य प्रबंधक, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, कार्यालय मुख्य प्रबंधक, ब्यावर आगार, ब्यावर
15. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी,ब्यावर
16. अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका बिजयनगर,मसूदा,जैतारण,
17. विकास अधिकारी, जवाजा/मसूदा/रायपुर/जैतारण/बदनोर

विषय :– माननीय न्यायालय के स्प्रेरणा संज्ञान द्वारा हीटवेव की तैयारियों की अनुपालना रिपोर्ट भिजवाने बाबत्।

प्रसंग :– श्रीमान संयुक्त शासन सचिव, आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग, जयपुर के पत्रांक एफ.1(2)आ.प्र. एवं सहा./लू–ताप/2025/राजकाज रेफरेन्स नं. 14842817, जयपुर दिनांक 21.04.2025 के संदर्भ में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में लेख है कि माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर की एकल पीठ के **IN RE : "Beat the Heatwave and Climate Change to Save the Life of Public at Large"** में स्प्रेरणा संज्ञान दिनांक 17.04.2025 की पालना रिपोर्ट हेतु प्राप्त हुई है।

माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय स्पप्रेरणा संज्ञान के संदर्भित आदेश दिनांक 17.04.2024 में अंकित बिन्दु संख्या 22 से 26 तक दिये गये निर्देशों के संबंध में हीटवेव से बचाव एवं रोकथाम हेतु जारी दिशा–निर्देशों की पालना में आपके द्वारा अब तक की गई कार्यवाही/अनुपालना रिपोर्ट चाही गई है

माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय स्पप्रेरणा संज्ञान के संदर्भित आदेश दिनांक 17.04.2024 में अंकित बिन्दु संख्या 22 से 26 तक दिये गये निर्देशों के संबंध में हीटवेव से बचाव एवं रोकथाम हेतु जारी दिशा–निर्देशों की पालना में आपके विभाग स्तर पर आम जनता को हीटवेव से बचाव हेतु कार्यवाही की पालना करवाये जाने हेतु दिये गये दिशा–निर्देश निम्नानुसार प्रेषित है–

➢ जिला सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, ब्यावर :–
- आपदा के समय क्या करें और क्या ना करें, के बारे में संबंधित अन्य लोगों को जानकारी का प्रचार–प्रसार किया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- नवीनतम आपातकालीन स्थिति के बारे में सार्वजनिक जानकारी रखते हुए लोगों को जागरूक किया किया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- लोगों को विभिन्न आपदा पश्चात सहायता और रिकवरी कार्यक्रम के बारे में सूचित किया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- समय–समय पर प्रेस नोट जारी करना सुनिश्चित किया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- जिला प्रशासन द्वारा किये जा रहे राहत कार्यों की जनता को जानकारी उपलब्ध करवाया जाना सुनिश्चित करेंगे।

➢ चिकित्सा विभाग, ब्यावर :–
- लू ताप से बचाव हेतु जिले के पीएचसी स्तर पर ,सीएचसी पर ,यूपीएससी पर एवं मुख्यालय स्तर पर आरआरटी टीम का गठन किया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- लू–तापघात एवं अन्य मौसमी बीमारियों से बचाव व उपचार के संबंध में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस पर गर्भवती महिलाओं को जागरूक किया जाना सुनिश्चित करेंगे।

- Heat illness and death report IHIP portel पर इंद्राज किया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- लू ताप के प्रभाव के कारण बचाव हेतु विभाग के सभी सामु0स्वा0केन्द्र/प्रा0स्वा0केन्द्र को आवश्यक चिकित्सा कीट/दवाईया उपलब्ध करवाया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- सभी चिकित्सक/पैरामेडिकल स्टाफ को Heat Related illness के उपचार की Training दिया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- लू तापघात हेतु सभी विभागों के समन्वय स्थापित कर बचाव के लिए कार्य योजना जारी करवाया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- लू ताप से बचाव हेतु समस्त सामु0स्वा0केन्द्र/प्रा0स्वा0केन्द्र पर पानी एवं बिजली की समुचित व्यवस्था करवाया जाना सुनिश्चित करेंगे।

➢ शिक्षा विभाग, ब्यावर :—

- आगामी मानसनू में संभावित हीटवेव को देखते हुए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्थित विद्यालयों में छात्र—छात्राओं के लिये शुद्ध एवं पर्याप्त पानी की व्यवस्था करवाया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- गर्मी की मौसम अत्यधिक तापमान को देखते हुए स्कूली विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को देखते हुए आवश्यक ओ.आर.एस., मेडिकल कीट एवं दवाईयों की व्यवस्था करवाया जाना सुनिश्चित करेंगे।

➢ अति. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, ब्यावर :—

- लू—ताप से बचाव हेतु इन्दिरा गांधी शहरी नरेगा में श्रमिकों हेतु छाया व पीने के पानी की व्यवस्था करवाई जा रही है। साथ ही ठेकेदारों को कार्यस्थल पर श्रमिकों हेतु छाया व पीने के पानी की व्यवस्था करवाये जाने हेतु पाबन्द करवाया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- लू—ताप से बचाव हेतु परिषद द्वारा अग्निशमन वाहनों से सडकों पर पानी का छिडकाव करवाया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- लू—ताप से बचाव हेतु परिषद द्वारा आश्रय स्थल संचालित किया जा रहा है जिसमें गर्मी को देखते हुए शुद्व पीने का पानी तथा कूलरों आदि की व्यवस्था करवाया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- लू—ताप से बचाव हेतु पक्षियों के लिये विभिन्न स्थानों पर पंरिडे एवं मवेशियों के लिये पीने का पानी हेतु खेलिया रखवाई गई है जिसमें नियमित रूप से पानी भरवाया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- लू—ताप घात एवं मौसमी बीमारियों के नियंत्रण हेतु परिषद साफ सफाई हेतु विशेष रूप से अभियान चलाया जाकर सफाई करवाया करवाया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ब्यावर द्वारा समस्त विकास अधिकारियों को लू तापघात (ताप लहर) से आमजन के बचाव हेतु निम्न निर्देश दिया जाना सुनिश्चित करेंगे जो निम्नानुसार है—
- महात्मा गांधी नरेगा अधिनियम 2005 की अनूसूची 1 के पेरा 19 के अनुसार 8 घंटे की अवधि मय 1 घंटे का विश्रामकाल निर्धारित है। वर्तमान में भीषण गर्मी नरेगा का समय प्रातः 5.30 से 12.30 बजे तक विश्रामकाल रहित किया जाना सुनिश्चित करेंगे। इस संबंध में यह भी निर्देशित किया जाता है कि "यदि कोई श्रमिक/श्रमिक समूह समय से पूर्व निर्धारित टास्क के अनुसार कार्य पूर्ण कर लेता है तो वह कार्य की माप मेट के पास उपलब्ध मस्टररोल में अंकित टास्क प्रपत्र में करवाने के उपरान्त कार्यस्थल छोड सकता है अर्थात किसी श्रमिक के द्वारा निर्धारित टास्क 5 घंटे की कार्य अवधि से पहले पूर्ण कर लिया जात है तो अनावश्यक रूप से कार्यस्थल पर न रोका जावे", निर्देश दिया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- कार्यस्थल पर स्वच्छ पेयजल की प्राप्त व्यवस्था एवं पंचायत में भामाशाह के माध्यम से छाछ, केरी की छाछ, नींबू पानी एवं शरबत आदि की व्यवस्था करवाये जाने के प्रयास किया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- कार्यस्थल पर विश्राम हेतु शेड की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- कार्यस्थल पर प्राथमिक उपचार बॉक्स में इलेक्ट्रॉल/ग्लूकोस की पर्याप्त व्यवस्था करवाया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- कार्यस्थल पर 5 वर्ष से कम उम्र के 5 से अधिक बच्चे महिला सहित आते हो तो 01 महिला मजदूर बच्चो के देखभाल के लिये लगवाया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- कार्यस्थल पर पानी की व्यवस्था के साथ गीला तौलिया (Wet Towel) की व्यवस्था करवाना जाना सुनिश्चित करेंगे।

➢ विद्युत आपूर्ति विभाग, ब्यावर :—

- बिजली की निर्बाध आपूर्ति एवं वितरण की वर्तमान स्थिति —ब्यावर जिले में घरेलू , कृषि व औद्योगिक के उपभोक्ताओं को विद्युत सप्लाई निम्न प्रकार दिया जाना सुनिश्चित करेंगे—
- शहरी क्षैत्र— 24 घंटे, थ्री फैज
- ग्रामीण क्षैत्र :— थ्री फैज सप्लाई दिन के दो ब्लॉक में 06 घंटे दिया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- ब्यावर जिले में विद्युत व्यवस्था के अन्तर्गत सभी पावर हाऊस का संचालन व्यवस्थित रूप से एवं नियमित विद्युत सप्लाई दिया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- वृत स्तर पर भी नियंत्रण कक्ष (Control room) 24 घंटे कार्यरत एवं संचालित करवाया जाना सुनिश्चित करेगें। टोल फ्री नंबर 24 घंटे कार्यरत एवं संचालित करवाया जाना सुनिश्चित करेगें।

- उपखण्ड स्तर पर स्थापित किये गये उपभोक्ता सेवा केन्द्र (Help Desk Centre) 24 घंटे कार्यरत एवं संचालित करवाया जाना सुनिश्चित करेगें जिस पर उपभोक्ता अपनी विद्युत संबंधी शिकायत/समस्या दर्ज करवा सके।

➢ जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, ब्यावर :—

- लू—ताप से बचाव व पेयजल व्यवस्था हेतु पंचायती राज विभाग द्वारा स्थापित हैण्डपम्पों की मरम्मत हेतु आवश्यक हैण्डपम्प स्पेयर पार्ट ग्राम पंचायत पर उपलब्धतता सुनिश्चित करवाया जाना सुनिश्चित करेगें।
- ग्रीष्म पेयजल हेतु आपके विभाग पर स्थापित कन्ट्रोल रूम 24 घंटे संचालित किया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- जिले में बीसलपुर बांध से ग्रामों एवं शहरों में पीएचईडी प्रोजेक्ट एवं पीएचईडी रेगुलर द्वारा जलापूर्ति किया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- आपके विभाग स्तर पर ग्रीष्म पेयजल हेतु स्थापित कन्ट्रोल रूम 24 घंटे कार्यरत एवं संचालित करवाया जाना सुनिश्चित करेंगे।

➢ पशुपालन विभाग, ब्यावर :—

- अत्यधिक गर्मी/उच्च तापमान के समय प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे के बीच भारवाहक पशु यथा ऊँट, घोडा, खच्चर, पोनी, बैल, पाडा व गधा आदि को भारवाहक कार्य हेतु उपयोग में नहीं लिये जाने हेतु निर्देशित किया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- सभी गौशालाओं में गौवंश व अन्य पशुओ को धूप एवं लू/ताप से बचाने के लिए पर्याप्त छाया की व्यवस्था करने तथा शेड को गर्म हवाओं के प्रकोप से बचाने के लिए तिरपाल अथवा टाट/बौरे से ढकवाये जाना सुनिश्चित करेंगे।
- सभी पशुपालकों/गौशाला संचालकों को उनके पशुओं को तापघात से बचाने हेतु एडवाईजरी जारी किया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- लू—तापघात से बचाव हेतु सभी गौशालाओं में पर्याप्त पानी की व्यवस्था करवाया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- वर्तमान में लू—तापघात को देखते हुए सभी गौशालाओं में पर्याप्त मात्रा में चारा, भूसा एवं पशु आहार की व्यवस्था करवाया किया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- प्रिन्ट मीडिया के माध्यम से सभी पशुपालकों को पशुओं को तापघात से बचाने हेतु सावचेत किया किया जाना सुनिश्चित करेंगे एवं बीमार व अशक्त गौवंश/अन्य पशुओं हेतु संबंधित पशु चिकित्सा कर्मियों की देखरेख में उपचार करने हेतु निर्देशित किया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- अत्यधिक तापमान व स्थिति के मध्यनजर निराश्रित पशुओं हेतु चारे व पानी की व्यवस्था स्थानीय प्रशासन के सहायोग से करवाया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- भार ढोने वाले पशुओं को दोपहर 12:00 बजे से 03:00 बजे तक कार्य में उपयोग न लेने हेतु पशुपालकों को पाबंद किये गये जाने हेतु निर्देशित करेंगे। इस संबंध में आमजन को भी प्रचार—प्रसार किया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- लू गर्मी व अत्यधिक तापमान के कारण होने वाली मौसमी बीमारियों हेतु सभी पशु चिकित्सा संस्थाओं में पर्याप्त मात्रा में औषधियां उपलब्ध करवाया किया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- वर्तमान में जिले की जिन गौशालाओं में पशुओं के लिये पानी की व्यवस्था उपलब्ध नहीं है उन गौशालाओं में स्थानीय प्रशासन के सहायोग से पानी की सप्लाई हेतु व्यवस्था करवाया किया जाना सुनिश्चित करेंगे।

➢ जिला वन विभाग, ब्यावर—

- वन विभाग टोंक द्वारा टोंक वन क्षेत्र में पानी के प्राकृतिक व कृत्रिम जलाशय हैं उनमें वन्यजीवों के लिए अत्यधिक तापमान के समय पानी की आपूर्ति करवाया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- वन विभाग द्वारा वन खंड सोहेला में फॉरेस्ट फायर लाइन का निर्माण किया गया है जिससे वन क्षेत्र में लगने वाली आग (दावानल) पर काबू पाया जायेगा। अतः फॉरेस्ट फायर लाइन को 24 घंटे कार्यरत एवं संचालित किया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- इसके अतिरिक्त वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा वन क्षेत्र की नियमित गश्त करवाया जाना सुनिश्चित करेंगे और यदि कोई जंगल की आग की घटना होती हैं तो उस पर जल्द से जल्द काबू करवाया जाने हेतु तत्काल कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करेंगे।

➢ नगर परिषद, ब्यावर :—

- गर्मी के मौसम को देखते हुये इन्दिरा गांधी शहरी नरेगा में श्रमिको हेतु कार्य स्थल पर छाया एवं पीने के पानी की व्यवस्था करवाया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- इन्दिरा गांधी शहरी नरेगा में श्रमिको हेतु कार्य समय प्रातः 6.00 बजे से 2.00 बजे करवाया जाना सुनिश्चित करेंगे साथ ही ठेकेदारो को कार्यस्थल पर श्रमिको हेतु छाया व पीने की पानी की व्यवस्था करवाये जाने हेतु पाबन्द करवाया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- नगर परिषद द्वारा अधिक गर्मी होने पर चलित प्याउ जो शहर में घुमकर शुद्ध जल पीलाती है, आवश्यकता वाले स्थानों पर चलित प्याउ पर जल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।
- शहर में गर्मी व लू—ताप घात को देखते हुए रैनबसेरा, प्याऊ, 18 स्थानों पर भामाशाहों तथा परिडें की व्यवस्था करवाया जाना सुनिश्चित करेंगे।

- नगर परिषद द्वारा आवश्यक स्थानों पर आश्रय स्थल संचालित किया जावें जिसमें गर्मी के मौसम को देखते हुये शुद्ध पीने की पानी तथा कूलरो आदि की व्यवस्था करवाया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- गर्मी के दिनो में तापमान अधिक होने पर नगर परिषद द्वारा अग्निशमन वाहनो से सड़कों पर पानी का छिड़काव करवाया जाना सुनिश्चित करेंगे।

➢ जिला रसद विभाग, ब्यावर:–

- गर्मी के मौसम को देखते हुये आमजन के हीटवेव से रोकथाम हेतु उचित मूल्य दुकानदारों को हीटवेव की पालना सुनिश्चित करवाये जाने हेतु निर्देशित किया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- संभावित हीटवेव एवं जनधन की हानि को देखते हुए जनधन के सुरक्षात्मक उपायो हेतु राशन की दुकानों पर आने वाले लाभार्थियों हेतु पीने के ठण्डे पानी एवं छाया की व्यवस्था करवाया जाना सुनिश्चित करेंगे।

➢ खनिज विभाग, ब्यावर :–

- महत्वपूर्ण क्षेत्रों में वायु प्रदुषण के प्रति संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए नियमित पानी छिडकाव जैसे प्रभावी उपाय किया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड से कन्सेन्ट टू ऑपरेट प्राप्त किया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- सिलिकोसिस बिमारी के रोकथाम हेतु वेट ड्रिलिंग का प्रयोग किया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- खनन क्षेत्र में काम कर रहे कर्मचारियों के सुरक्षात्मक पहनावे एवं श्वसन उपकरण प्रदान किया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- खननपट्टा क्षेत्र में लगे श्रमिकों के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन करवाया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- खननपट्टा क्षेत्र में लगे श्रमिकों को बी मा कवरेज प्रदान करवाया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- इसके अतिरिक्त श्रमिकों को प्राथमिक चिकित्सा किट एवं रहने हेतु लेबर सेल्टर उपलब्ध करवाया जाना सुनिश्चित करेंगे।

➢ राजस्थान पथ परिवहन निगम, ब्यावर :–

- बस स्टेण्ड पर यात्रियों एवं आमजन को गर्मी में शीतल जल उपलब्ध करवाये जाने हेतु वाटर कूलर लगवाया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- बस स्टेण्ड पर यात्रियों एवं आमजन को हीटवेव के प्रकोप से बचाव हेतु पर्याप्त छाया एवं पंखों की व्यवस्था करवाया जाना सुनिश्चित करेंगे।

➢ कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जल संसाधन खण्ड ब्यावर

- जल संसाधन खण्ड ब्यावर के अधीन वर्तमान में प्रगतिरत निर्माण कार्यो पर कार्य करने वाले श्रमिक जो कि संवेदको की ओर से नियोजित किये गये श्रमिकों को गर्म हवा (लू) से बचाव हेतु निम्नलिखित कार्यवाहीयां किया जाना सुनिश्चित करेंगे, जो निम्नानुसार है–
- गर्मी व लू तापाघात से बचाव हेतु खण्ड कार्यालय स्तर पर नोडल अधिकारी किया जाकर नोडल अधिकारी को प्रतिदिन अधीनस्थ सहायक अभियन्ता कार्यालयों व प्रगतिरत निर्माण कार्यों से सम्बन्धित संवेदको से समन्वय स्थापित कर तापाघात से बचाव हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिये जाना सुनिश्चित करेंगे।
- वर्तमान में खण्ड के अधीन प्रगति कार्य स्थलों पर श्रमिकों हेतु छाया, ठण्डे पीने के पानी की व्यवस्था एवं प्राथमिक चिकित्सा किट का प्रबन्ध करने हेतु सम्बन्धित संवेदकों को निर्देशित किया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- विभिन्न निर्माण स्थलों पर श्रमिकों को दोपहर 12 बजे से 3 बजे के मध्य भीतर कार्य करने, तापमान से बचाव के लिए ठण्डी व तरल पेय का उपयोग करने, गीला कपडा उपयोग करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाऐं सुनिश्चित करने हेतु सम्बन्धित संवेदकों को निर्देशित किया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- निर्माण स्थलों पर तापाघात के कारण किसी भी श्रमिक की तबीयत आदि खराब होने के स्थिति में शीघ्र पास के स्वास्थ्य केन्द्र में ले जाने हेतु हमेशा वाहन/आवश्यक संसाधन कार्य स्थल पर मौजूद रखने हेतु सम्बन्धित संवेदकों को निर्देशित किया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- तेज गर्मी की लहर से संबंधित बीमारियों के संबंध में श्रमिको को अवगत कराने व गर्मी से बचाव हेतु आवश्यक संसाधनों का उपयोग करने हेतु एवं उक्त संसाधन कार्यस्थल पर उपलब्ध रखने बाबत सम्बन्धित संवेदकों को निर्देशित किया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- अत्यधिक तापमान व हीटवेव के दौरान श्रमिको के काम करने के समय पर बदलाव हेतु सम्बन्धित संवेदकों को आवश्यक सलाह आदि जारी किये जाने हेतु निर्देशित करेंगे।
- खण्ड कार्यालय व अधीनस्थ उपखण्ड कार्यालयों में कार्यरत कार्मिको एवं आगन्तुकों के लिए शुद्ध पीने के पानी व तापाघात से बचाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निर्देश जारी करवाया जाना सुनिश्चित करेंगे।

➢ पुलिस विभाग,ब्यावर :–

- सडकों एवं चौराहों पर खुले में ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के लिये छाया हेतु शेड एवं ठंडे शुद्व पानी की व्यवस्था करवाया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- इसके अतिरिक्त जिले में सर्किल एवं अन्य आवश्यक स्थानों पर ड्यूटी पर तैनात अन्य पुलिस कर्मियों/पुलिस गार्डों हेतु भी छाया हेतु शेड एवं ठंडे शुद्व पानी की व्यवस्था करवाया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- सडकों एवं चौराहों पर खुले में ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक पुलिस कर्मियों एवं अन्य पुलिस कर्मियों/पुलिस गार्डों को तापमान से बचाव के लिए ठण्डी व तरल पेय का उपयोग करने, गीला कपडा उपयोग करने के लिए एडवायजरी दिया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- गर्मी की मौसम अत्यधिक तापमान को देखते हुए सडकों एवं चौराहों पर खुले में ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक पुलिस कर्मियों/अन्य पुलिस कर्मियों/पुलिस गार्डों के स्वास्थ्य को देखते हुए आवश्यक ओ.आर.एस.मेडिकल कीट एवं दवाईयों की व्यवस्था करवाया जाना सुनिश्चित करेंगे।

अतः प्रासंगिक पत्र की प्रति संलग्न कर निर्देशित किया जाता है कि माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय स्वप्रेरणा संज्ञान के संदर्भित आदेश दिनांक 17.04.2024 में अंकित बिन्दु संख्या 22 से 28 तक दिये गये निर्देशों के संबंध में हीटवेव से बचाव एवं रोकथाम हेतु जारी दिशा–निर्देशों की पालना में आपके विभाग स्तर पर आम जनता को हीटवेव से बचाव हेतु उक्त समस्त विभागों को विभागवार दिये गये निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाकर पालना रिपोर्ट कार्यालय हाजा को ई–मेल relsec.dmbeawar@gmail.com पर दिनांक 24.04.2025 को आवश्यक रूप से भिजवाया जाना सुनिश्चित करेंगे ताकि उक्त पालना रिपोर्ट शीघ्र आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग, जयपुर को भिजवाई जा सके।

(मोहनलाल खटनावलिया)
अति.जिला कलक्टर,ब्यावर

Document certified by MOHAN LAL KHATNAWALIA <CAPLBWR062@GMAIL.COM>
Digitally Signed by MOHAN LAL KHATNAVALIA
Designation : Additional Collector And Additional District Magistrate
Date :23-04-2025 04:24:15

# कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, ब्यावर

क्रमांकःसामान्य/लू ताप–धात/आपदा/2025/1406–1426 दिनांकः 21/3/25

01. जिला पुलिस अधीक्षक (नागरिक सुरक्षा अधिकारी), ब्यावर
02. अति. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, ब्यावर
03. आयुक्त, नगर परिषद, ब्यावर
04. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, ब्यावर
05. प्रमुख चिकित्सा अधिकारी ए.के.एच. जिला चिकित्सालय, ब्यावर
06. जिला जनसंपर्क अधिकारी सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, ब्यावर
07. उप निदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग, ब्यावर
08. अधीक्षण अभियन्ता विद्युत विभाग, ब्यावर
09. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, ब्यावर।
10. जिला पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला–ब्यावर
11. प्रबंधक, राज. राज्य पथ परिवहन निगम, ब्यावर
12. जिला आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, ब्यावर।

**विषयः– लू ताप–धात (ताप लहर)/आपदा के बचाव राहत के सम्बंध में ।**

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि लम्बे समय तक 48 डिग्री सेन्टीग्रेड से ऊपर तापमान ताप लहर पैदा कर देता है जिससे लोगों की जानें चली जाती हैं। फसलों को क्षति पहुंचती है, पानी की कमी हो जाती है, बीमारियां फैलने लगती है और तमाम स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो जाती हैं। ताप लहर का मुकाबला करने के लिए बचाव, राहत, रिसपॉन्स और पुनर्वास ऑपरेशन में संलग्न विभागों को निम्न लिखित कार्य आवटिंत किये जाते हैं।

| क.स. | विभाग | आवंटित कार्य |
|---|---|---|
| 01 | स्थानीय निकाय एवं पंचायती राज विभाग | 1. सभी अधिकारियों जैसे पटवारी, ग्राम सेवक, चौकीदार को निर्देश देना कि वे प्रशासन को समय–समय पर जानकारी दें जिससे लोगों की शिकायतों को दूर करने के उपाय किये जा सकें।<br>2. स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ मीटिंग करना<br>3. सरकार द्वारा किये जा रहे उपायों के बारे में जनता को जानकारी देना<br>4. हाइजीन और सेनिटेशन कार्यक्रमों को प्रोत्साहन देना |
| 02 | सूचना एवं जनसंपर्क विभाग | 1. लोगों को स्वास्थ्य, सेनिटेशन एवं हाइजीन के बारे में जागरूक करने के लिए आईईसी द्वारा जारी नोटिस, पोस्टर, जिंगल्स, रेडियो, टीवी कार्यक्रमों को जारी/प्रकाशित करना<br>2. सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों के बारे में मोडिया के लिए बुलेटिन जारी करना अफवाहों से बचने के लिए यह सुनिश्चित करना कि मीडिया को दी गई सूचनाएं एकदम सही हैं |
| 03 | चिकित्सा विभाग | 1. एम्बूलेंस, दवाइयों, चिकित्सा दलों, [illegible]<br>2. अस्पतालों में तापलहर से बुरी तरह [illegible] में रखना। इसी तरह फ्लू, वायु एवं जल से [illegible] को अलग वार्ड में रखना<br>3. जरूरत के अनुसार अतिरिक्त बेड्स [illegible]<br>4. महामारी फैलने से रोकना |

Validity unknown
Digitally signed by Mahendra Khadgawat
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2025.03.21 1[illegible]:10:39 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 14305704

Scanned with OKEN Scanner

| | | |
|---|---|---|
| | | 5. स्वास्थ्य एवं रोग विज्ञान सम्बन्धी निगरानी करवाना<br>6. प्रभावित लोगों के पोषण स्तर की जांच करवाना और उचित इलाज करना |
| 04 | आयुर्वेद विभाग | 1. चिकित्सा विभाग के साथ समन्वय स्थापित करना और सहयोग देना। |
| 05 | पशुपालन विभाग | 1. पीड़ित पशुओं का इलाज करना<br>2. पशुओं की बीमारियों पर नियंत्रण करना |
| 06 | पुलिस | 1. प्रभावी संचार नेटवर्क मुहैया कराना<br>2. एम्बुलैंस (108) की व्यवस्था करना<br>3. कानून एवं व्यवस्था बनाये रखना |
| 07 | विधुत विभाग | 1. बिजली की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करना |
| 08 | नागरिक सूरक्षा | 1. बर्फ की आपूर्ति और जैनरेटर्स की व्यवस्था करना |
| 09 | सड़क परिवहन | 1. प्रशासन के निर्देशानुसार पीड़ितों को अस्पताल पहुंचाने के लिए विशेष बसों की व्यवस्था करना |
| 10 | शिक्षा विभाग | 1. विद्यार्थियों को प्रार्थना के समय प्रतिदिन जागरूक करना<br>2. विद्यालय परिसर में शुद्व एवं ठण्डे पानी की व्यवस्था रखना ।<br>3. स्काउट व गाईड के माध्यम से कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस की मदद करनां |
| 11 | जन स्वा0 अभि0 विभाग | 1. पर्याप्त मात्रा में वाटर टैंकर, नये हैंन्डपंप लगाना, वर्तमान मे पुराने हैंडपम्पो की मरम्मत करना, सेनिटेशन ब्लाक आदि की व्यवस्था करना<br>2. हाइजीन और सेनिटेशन के बारे में जागरुकता फेलाना। |
| 12 | महिला एवं बाल विकास विभाग, ब्यावर | 1.आशा सहयोगिनी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को निर्देश देना कि वे प्रशासन को समय–समय पर जानकारी दें एवं लोगो को लू ताप धात के बारे में जागरुक करना एवं समझाना। जिससे लोगों की शिकायतों को दूर करने के उपाय किये जा सकें।<br>2.सरकार द्वारा किये जा रहे उपायों के बारे में जनता को जानकारी देना<br>3.हाइजीन और सेनिटेशन कार्यक्रमों को प्रोत्साहन देना |

**जिला कलक्टर ब्यावर**

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सुचनार्थ एवं आव यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–

1.श्रीमान् निजी सचिव, अति. मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग जयपुर।
2.श्रीमान् संभागीय आयुक्त, संभाग अजमेर
3.निदेशक (जन स्वा.) चिकि. एवं स्वा. राज. जयपुर।
4..अति. जिला कलक्टर, ब्यावर
5.संयुक्त निदेशक, चिकि. एवं स्वा. सेवाये परिक्षेत्र अजमेर।
6.मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ब्यावर।
7.उप खण्ड अधिकारी समस्त जिला ब्यावर।
8.समस्त सम्बधित विभाग।
9.कार्यालय प्रति।

Validity unknown
Digitally signed by Mahendra Khadgawat
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2025.03.21 13:10:39 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 14305704

Scanned with OKEN Scanner

राजस्थान सरकार

# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, ब्यावर (राज.)

राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय परिसर, ब्यावर, पिन कोड–305901
E-mail ID :- cmhobeawar@gmail.com

आज़ादी का अमृत महोत्सव

कमांकः आरआरटी / 2025 / 1131 दिनांकः 20/03/2025

-:कार्यालय आदेश:-

श्रीमान निदेशक (जन.स्वा.), चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाये राजस्थान जयपुर के पत्र कमांक/एनपीसीसीएचएच/2025/36 दिनांक 06.03.2025 के कम में लू तापघात एवं मौसमी बिमारियो/मच्छरजनित बीमारियों/जलजनित/ बाढ, आपदा प्रबन्धन, एवं अन्य प्रकार की आपातकालीन स्थिति में चिकित्सा सुविधा उपलबध कराने हेतु रेपिड एक्शन फोर्स (चिकित्सा दल) का गटन किया जाता है । दल समस्त सदस्य मुख्यालय पर ही निवास करेगे एवं दल प्रभारी के निरंतर सम्पर्क में रहेगे । औषधियों का एक आपातकालीन किट जिसमे सभी प्रकार की आवश्यक दवाईयां, ओआरएस, जिंक, आईवी फलूड, ब्लडस्लाइड, बीडी के ऑयल, आदि हो तैयार रखा जावें, कही से भी बिमारी की सूचना प्राप्त होने पर दल तुरन्त सम्बन्धित क्षेत्र में पहुचेगे । दल के साथ आवश्यक औषधियों का किट हमेशा तैयार रखा जावे । दल के किसी भी सदस्यों को किसी भी प्रकार का अवकाश उपभोग करने की अनुमति नही दी जावें ।

## जिला स्तरीय टास्क फोर्स

| क0सं0 | नाम | पद | विवरण |
|---|---|---|---|
| 01 | डॉ. संजय गहलोत | सीएमएचओ ब्यावर | अध्यक्ष |
| 02 | डॉ. हरीश कुमार | उप मुख्य चिकि. एवं स्वा. अधिकारी ब्यावर | नोडल अधिकारी |
| 03 | डॉ. लोकेश कुमावत | अति. सीएमएचओ ब्यावर | सदस्य |
| 04 | डॉ. एस. एस. चौहान | पीएमओ एकेएच ब्यावर | सदस्य |
| 05 | समस्त प्रमुख चिकित्सा अधिकारी | समस्त उपजिला चिकित्सालय जिला ब्यावर | सदस्य |
| 06 | डॉ. मनोज नवल | एमडी फिजीशियन, एकेएच ब्यावर | सदस्य |
| 07 | डॉ. एम. एस. चांदावत | शिशु रोग विशेषज्ञ, एकेएच ब्यावर | सदस्य |
| 08 | डॉ. विधा सक्सेना | स्त्री रोग विशेषज्ञ, एकेएच ब्यावर | सदस्य |
| 09 | डॉ. मुनेन्दर | डब्ल्यूएचओ | सदस्य |
| 10 | डॉ. मुकेश भागवत | पेथोलोजिस्ट, एकेएच ब्यावर | सदस्य |
| 11 | डॉ. गौतम गायकवाड | जिला पशुपालन अधिकारी, ब्यावर | सदस्य |
| 12 | डॉ. आशीष सोनी | आयुर्वेद चिकित्सक, चांदमल मोदी चिकित्सालय ब्यावर | सदस्य |
| 13 | श्री वाजिद अख्तर | डीपीएम ब्यावर | सदस्य |
| 14 | श्री शांतिलाल | वरिष्ठ तकनीकी सहायक | सहायक नोडल अधि. |
| 15 | श्री विजय कुमार त्रिपाठी | लैब टेक्निशियन | सदस्य |
| 16 | श्री अमित कुमार | ड्रग इन्स्पेक्टर | सदस्य |

## खण्ड स्तरीय टास्क फोर्स

| क0सं0 | नाम | पद |
|---|---|---|
| 01 | खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी | अध्यक्ष |
| 02 | समस्त चिकित्सा अधिकारी प्रभारी सामु0/प्राथ0 स्वा0 केन्द्र | सदस्य |
| 03 | खण्ड कार्यकम प्रबन्धक | सदस्य |
| 04 | ब्लाक हैल्थ सुपरवाईजर | सदस्य |



Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

## सामु0/प्राथ0/शहरी प्राथ0 स्वा0 केन्द्र स्तरीय टास्क फोर्स

| क0सं0 | नाम | पद |
|---|---|---|
| 01 | चिकित्सा अधिकारी प्रभारी रावंधित सामु0/प्राथ0/शहरी प्राथ0 स्वा0 केन्द्र | अध्यक्ष |
| 02 | नर्सिंग ऑफिसर, एलएचवी, एलटी | सदस्य |
| 03 | पीएचसी हैल्थ सुपरवाईजर | सदस्य |
| 04 | प्रसाविका, आशा, आंगनबाडी कार्यकर्ता | सदस्य |

(डॉ0 संजय गहलोत)
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
ब्यावर (राज.)

कमांकः आरआरटी/2025/1131
दिनांकः 20/03/2025

प्रतिलिपीः–

1. श्रीमान निदेशक (जन.स्वा.), चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाये राजस्थान जयपुर
2. श्रीमान अति0 निदेशक, (चि0 प्रशा0.), चिकित्सा एवं स्वास्थ्य राजस्थान जयपुर
3. श्रीमान् संयुक्त निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें जोन अजमेर।
4. श्रीमान् जिला कलक्टर, ब्यावर।
5. अति. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ब्यावर।
6. उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ब्यावर।
7. समस्त प्रमुख चिकित्सा अधिकारी जिला ब्यावर।
8. समस्त खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला ब्यावर।
9. चिकित्सा अधिकारी प्रभारी सामु0/प्राथ0/शहरी प्राथ0 स्वा0 केन्द्र जिला ब्यावर।
10. सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीयों को सुचनार्थ एवं पालनार्थ।
11. कार्यालय पत्रावली।

(डॉ0 संजय गहलोत)
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
ब्यावर (राज.)

Scanned with OKEN Scanner

## —: लू तापाधात/हीट स्ट्रोक का विभागीय एक्सन प्लान :—

- **नोडल अधिकारी की नियुक्ति** — जिला स्तर एवं खंड मुख्यालय पर कन्ट्रोल रुम स्थापित किया जा चुका है।

| क्र.स. | स्तर | नोडल अधिकारी |
|---|---|---|
| 1 | जिला स्तर | डिप्टी सीएमएचओ |
| 2 | जिला/उपजिला | संबंधित पीएमओ |
| 3 | ब्लॉक संबधित | संबधित ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी |

- **कन्ट्रोल रूम की स्थापना एवं रेपिड रेस्पोन्स टीम का गठन**
  जिले में 24X7 के लिये कन्ट्रोल रूम की स्थापना व रेपिड रेस्पोन्स टीम (आरआरटी टीम) का गठन।

- **रेपिड रेस्पोन्स टीम** का गठन—जिला/उपजिला/ब्लॉक/ सीएचसी/पीएचसी स्तर पर रेपिड रेस्पोंस टीम का गठन किया जा चुका है जो निम्न प्रकार से है।

| क.स. | ब्लॉक/पीएमओ | जिला अस्पताल | उप जिला अस्पताल | सीएचसी | पीएचसी/ युपीएचसी | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | पीएमओ अमृतकौर ब्यावर | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 02 | जैतारण | 0 | 1 | 3 | 14 | 18 |
| 03 | रायपुर | 0 | 1 | 2 | 8 | 11 |
| 04 | मसुदा | 0 | 2 | 2 | 6 | 10 |
| 05 | जवाजा | 0 | 0 | 2 | 13 | 15 |
| 06 | बदनौर | 0 | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | कुल | 01 | 04 | 10 | 43 | 58 |

- वार्ड में कूलर व पंखे वार्ड का वातावरण कूलर व पंखे से ठंडा रहे यह सुनिश्चित किया जा चुका है।
- **घर—घर सर्वे कार्य—आशा/एएनएम**
  घर—घर सर्वे कार्य हेतु सर्वे दलों का गठन कर आशा/एएनएम के माध्यम से एन्टीलार्वल गतिविधियां सम्पादित करवाना एवं बुखार व अन्य लक्षण वाले रोगियों को चिन्हित कर उनका उपचार।

- **लॉजिस्टिक की उपलब्धता**
  सभी चिकित्सा संस्थानों पर आवश्यक दवाईयों (पैरासीटामोल, ORS,GDW व अन्य आवश्यक दवाईयां आदि) एवं उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

Scanned with OKEN Scanner

➢ **एम्बुलेंस**

जिले में 108 एम्बुलेंस व 104 एम्बुलेंस निम्नानुसार उपलब्ध है जो किसी भी परिस्थिति में सदैव तत्पर है।

| क्र. स. | 108 एम्बुलेंस (BLS/ALS) | 104 एम्बुलेंस | बाइक एम्बुलेंस |
|---|---|---|---|
| 1. | 21 | 10 | 01 |

➢ **चिकित्सा शिविर**

जिले में सचालित होने वाले चिकित्सा शिविरो में पानी, कुलर, छाया एवं आवश्यक दवाइयो की उपलब्धता सुनिश्चित की जा चुकी है।

➢ पखें, कूलर, वाटर कूलर, वार्ड एसी जो खराब थे उन्हें रेपयर करवाए जा रहे है।

➢ ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविर लगाना एवं मोबाईल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) / मोबाईल मेडिकल वेन (एमएमवी) व आरबीएसके टीमों द्वारा लोगों, विषेशरूप से महिलाओं और बच्चों, के पौषण स्तर का परीक्षण और जरूरी इलाज नियमित रूप से किया जा रहा है।

➢ प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस पर गर्भवती महिलाओं को लू–तापघात एवं अन्य मौसमी बिमारियों से बचाव व उपचार के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

➢ मनरेगा एवं कंस्ट्रक्शन साईटः जिले में संचालित मनरेगा एवं कंस्ट्रक्शन साईट पर कार्यरत श्रमिको को चिकित्सा विभाग द्वारा Heat related illness/Heat Stroke से बचने के उपाय के बारे मे जागरूक किया जायेगा।

➢ आईईसी – मौसमी बीमारियो से बचाव हेतु चिकित्सा संस्थानों व प्रमख स्थानों पर बैनर/ होर्डिंग्स/ फ्लैक्स इत्यादि के माध्यम से आमजन को जागरुक किया जायेगा।

➢ दैनिक रिपोर्टः– लू तापघात की देनिक रिपोर्ट प्रतिदिन इस कार्यालय द्वारा राज्य स्तर पर प्रेषित की जायेगी।

➢ लू तापघात के मद्देनजर पानी बिजली की समुचित व्यवस्था सूचना

| क्र.स. | स्तर | पानी सप्लाई | बिजली सप्लाई | अन्य विकल्प |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला/उपजिला चिकित्सालय स्तर | हाँ | हाँ | इंवरटर, डीजी सेट |
| 2 | सीएचसी स्तर | हाँ | हाँ | इंवरटर, डीजी सेट |
| 3 | पीएचसी स्तर | हाँ | हाँ | इंवरटर, डीजी सेट |

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**ब्यावर**

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, ब्यावर

क्रमांकःसामान्य/मलेरिया/एनवीबीडीसीपी/2025/1438-1451 दिनांकः 24.03.2025

01. जिला पुलिस अधीक्षक (नागरिक सुरक्षा अधिकारी), ब्यावर
02. आयुक्त, नगर परिषद, ब्यावर
03. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, ब्यावर
04. प्रमुख चिकित्सा अधिकारी ए.के.एच. जिला चिकित्सालय, ब्यावर
05. जिला समाज कल्याण अधिकारी, ब्यावर
